## सार-समाचार

### शिक्षकों के पक्ष में एसडीएम को ज्ञापन

**गुड़ामालानी**, (नि.सं.)। मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो शिक्षकों पर छात्रों को पीटने को लेकर परिजनों ने शिक्षकों पर आरोप लगाया था। जिसको लेकर बुधवार को शिक्षक संघ ने उपखण्ड अधिकारी केशव कुमार मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो शिक्षकों पर एक छात्र के साथ मारपीट करने का आरोप परिजनों ने लगाया। शिक्षकों पर झुठा आरोप लगाने को लेकर शिक्षकों के पक्ष में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विद्यालय के आगे प्रर्दशन किया। वहीं बुधवार को शिक्षक संघ ने ज्ञापन देकर बताया कि वर्तमान व्यवस्था में यह देखा जा रहा है कि एक शिक्षक द्वारा कर्तव्य पालन के दौरान की गई सामान्य अनुशासनात्मक कार्यवाही को भी कई मामलों में आपराधिक दृष्टि से देखते हुए अध्यापकों के विरुद्ध त्वरित दर्ज कर दी जाती है। जिससे अध्यापक भय, मानसिक तनाव एवं सामाजिक अपमान की स्थिति में आ जाता है। यह स्थिति न केवल अध्यापक के मनोबल को तोड़ने के साथ विद्यालय अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है। से पूर्व अनिवार्य प्रशासनिक छानबीन किसी भी अध्यापक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने से पूर्वः स्कूल ब्लॉक और जिला स्तर पर गठित स्वतंत्र शैक्षिक जांच समिति द्वारा तथ्यात्मक जॉच अनिवार्य की जाए। सभी कमेटियों के समक्ष अध्यापक की दुर्भावना पूर्ण मंशा सिद्ध होने पर ही उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही हो। ज्ञापन के दौरान गुड़ामालानी ब्लांक के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाए उपस्थित रही।

### स्काउट गाइड शिविर का निरीक्षण

**रेवदर**, (निसं)। खेतलाजी की पावन धरा पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ रेवदर का तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर चल रहा है। सचिव बाबूलाल सैनी ने बताया कि शिविर का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला कमिश्नर घनश्याम सिंह आढा, राजेश गर्ग, प्रशासक ग्राम पंचायत रेवदर अजबाराम चौधरी, नवाराम पांचाल, कांतिलाल सोनी, लक्ष्मण देवासी, अगरा राम आदि ने अवलोकन किया। सीबीईओ रेवदर ने निरीक्षण के दौरान शिविर की आवास, भोजन व्यवस्था का जायजा लिया एवं गतिविधियों की सराहना की तथा स्काउट-गाइड को प्रेरक संदेश दिया। प्रशासक अजबाराम चौधरी ने स्काउट-गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट आंदोलन बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण की फैक्ट्री है, जो उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाता है। शिविर में स्काउट-गाइड को प्राथमिक सहायता, कम्पास एवं दिशा ज्ञान, पायनियरिंग, खोज के चिन्ह एवं अनुमान लगाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे सेवा कार्यों एवं आपात परिस्थितियों में सक्षम बन सकें। लाजपत बिश्नोई, त्रिभुवन सिंह चारण, यशवंती वर्मा, रेवाराम, सुंदर परमार, पांचू, रामेश्वर जाट, भैराराम, कृष्ण पुरी महाराज, केसरपुरी, शर्मिला, शिवानी, टीना, दीपा राजगुरु, अरविंद कुमार, रोवर लीडर विशाल माली, वि म, किशोर, महेंद्र, ईश्वर, चंदा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### सिरोडी में ग्रामीणों के लिए शिविर

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान की भजनलाल सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीण एवं शहरी समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत रेवदर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सिरोडी के अटल सेवा केन्द्र में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया। सिरोडी के ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में भाजपा जिला प्रवक्ता एवं सुशासन दो वर्ष अभियान के रेवदर विधानसभा प्रभारी दीपेंद्र सिंह देवडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि भजनलाल सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में भ्रष्टाचार निम्न स्तर पर पहुँच चुका है, युवाओं को रोजगार मिल रहा है, महिलाओं को लखपति दीदी जैसी योजनाओं से सबल मिल रहा है, किसानों को किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना आदि योजनाओं से लाभ मिल रहा है एवं गरीबी रेखा से नीचे ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, खाद्य सुरक्षा जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है। दीपेंद्र सिंह पीथापुरा बताया कि यह ग्रामीण समस्या समाधान शिविर 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर तक चलेंगे जिसमें ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को जोडकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाना चाहिए। शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए राजस्थान सरकार के सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहते हैं। सिरोडी ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा भेजी गई प्रगति रथ द्वारा सरकार की उपलब्धियों को भी ग्रामीणों को वीडियो विजुअल के माध्यम से बताया गया।

### ग्रीन ग्रोथ स्किल प्रतियोगिता हुई

**जालोर**, (कासं)। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लहरी राम माली ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शहरी में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित ग्रीन ग्रोथ स्किल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। प्रतियोगिता के संयोजक एवं प्रधानाचार्य हेमलता माथुर ने बताया कि प्रतियोगिता में जालोर जिले के 10 ब्लॉकों से 53 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में शिरकत की। जिला स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 11000 रुपए, 7000 तथा 5000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। हेमलता माथुर ने बताया कि क्विज में शहरी विद्यालय की गंगा कुमारी प्रथम मनीषा कुमारी द्वितीय एवं जतिन फौजदार तृतीय स्थान पर रहे वहीं आशु भाषण प्रतियोगिता में नव्या कुमारी प्रथम तारा कुमारी द्वितीय एवं रक्षित चौधरी तृतीय स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में दिव्या सोनी प्रथम युवराज सिंह द्वितीय तथा अरविंद कुमावत नेतृत्व स्थान अर्जित किया वहीं निबंध प्रतियोगिता में अंजू कुमारी प्रथम आदित्य सिंह द्वितीय एवं डोली दवे तृतीय स्थान पर रही द्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंग। निर्णायक के रूप में विनोद कुट्टी, अरविंद संदेश, जगदीश चौहान, हरीश सांखला, कमलेश कुमार सिंह, लता मुकेश, श्वेता आचार्य, शक्ति सिंह, सुमेरसिंह एवं दमयंती वैष्णव ने उपस्थित दी।

### रघुनाथ विश्नोई अध्यक्ष बने

**भीनमाल**, (निस)। अभिभाषक संघ भीनमाल के चुनाव वर्ष 2026 के परिणामों की घोषणा बुधवार को की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट सैय्यद अजमत अली ने बताया कि मतगणना परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर रघुनाथ विश्नोई निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में रघुनाथ विश्नोई को 53 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अशोक सिंह ओपावत को 51 मत मिले। इसके अलावा राहुल गोस्वामी को 24 मत एवं ललित भंडारी को 8 मत प्राप्त हुए। 2 मतों के अंतर से रघुनाथ विश्नोई को अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। चुनाव परिणामों के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर यूसुफ खान को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार सचिव पद के लिए हुए चुनाव में श्रवण कुमार ढाका को 74 मत प्राप्त हुए, जबकि कमलेश कुमार मेघवाल को 6० मत मिले। नोटा को 2 मत प्राप्त हुए। 14 मतों के अंतर से श्रवण कुमार ढाका सचिव पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सैय्यद अजमत अली ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सफल बताया।

### सप्त शक्ति कार्यक्रम संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। विद्या भारती शिक्षण संस्थान संपूर्ण राजस्थान में नारी सशक्तिकरण एवं नारी शिक्षा के संबंध में सप्त शक्ति कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में आज ताड़केश्वर रामेश्वर सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडिया रोड पर श्रीमती उषा अखावत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य दीपिका ओझा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता पुष्पा जांगिड़ एवं देवी बिजानी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य वक्ता पुष्पा जांगिड़ ने बताया कि भारत में नारी सदैव पूजनी रही है। झांसी की रानी, पन्नाधाय, अहिल्याबाई, मीराबाई जैसी अनेक नारियों के जीवन के उदाहरण दिए। मंच संचालन किरण राखेचा ने किया। इस अवसर पर रितु मेहता, सुमन जैन, सरोज, कविता, विजया गांधी, मोरी देवी, ममता, माया, ज्योति चंद्रकला आदि उपस्थित रहे।

### जब्बरमल जांगिड़ को अध्यक्ष चुना

**पाली**, (नि.सं.)। कारपेन्टर एशोसिएशन के 2 वार्षिक चुनाव में पूर्व अध्यक्ष ढगलाराम जांगिड़ की व एशोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में विश्वकर्मा भवन अपना विजय नगर में आम मीटिंग में जब्बरमल जांगिड़ को अध्यक्ष चुना गया। सुरेश मालवीय उपाध्यक्ष, नेमाराम कुमावत सचिव, ताराचंद मालवीय सहसचिव, राजेश मालवीय को कोषाध्यक्ष चुना गया। भूराराम जांगिड़, प्रकाश पीड़वा, अशोक जांगिड़, जगदीश मालवीय, केवल नागल, धनराज पीड़वा, दुर्गाराम मालवीय, सुरेश पीड़वा, सुरेश जांगिड़, ढगलाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, 18 कांग्रेसी गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के कलक्ट्रैट के समक्ष बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ। वही आहोर में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने गये कांग्रेस के पदाधिकारियों को पुलिस ने 18 कांग्रेसियो को गिरपतार किया।

जालोर में कांग्रेसियो ने न्यायालय द्वारा सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर ईडी द्वारा की गई कार्यवाही को निरस्त करना सत्य की जीत कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर ईडी द्वारा पेश की गई चार्जशीट पर केस चलाने से इन्कार करने, नरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना, रोजगार गारंटी के विनाश एवं केन्द्र सरकार का जिम्मेदारी से पीछे हटना जैसे मुद्दों पर विरोध करने के लिए प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली कोर्ट ने नेशनल हेरॉल्ड मामले में ईडी द्वारा पेश की गई चार्जशीट पर केस चलाने से इंकार किया, वो स्वागत योग्य हैं। फैसले से मोदी सरकार की पोल खुल गई हैं। पाराशर ने कहा कि राज्य सरकार 2 साल का जश्न मना रही हैं मगर जनता उनके भेजे गये विकास रथों का विरोध कर रही हैं।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमीला मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव उमसिंह चांदराई, प्रदेश कांग्रेस सदस्य सवाराम पटेल, आहोर की सरोज चौधरी, महिला कांग्रेस की संतोष कवर, कामिनी शर्मा, खुशालसिंह राजपुरोहित, जुल्फीकार अली भुट्टो, खसाराम परिहार ने ईडी कार्यवाही पर कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए मनरेगा को कमजोर करने, जालोर के विकास कार्यो को रोकने, जवाई नदी पुनर्जीवित करने के वादों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इन सभी ने 2 वर्ष के भाजपा शासन के भृष्टाचार व विकास कार्यों को रोकने जैसे मामलों की कडी निंदा कर राज्य सरकार को चेतावनी दी।

प्रदर्शन में जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमीला मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, आहोर प्रत्याशी सरोज चौधरी, प्रदेश महासचिव उमसिंह चांदराई, नैनसिंह राजपुरोहित, शाहजाद अली सैय्यद, सवाराम पटेल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जाकिर रंगरेज, अनुसूचित जाति के खसाराम परीहार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कंवर, कामिनी शर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आहोर दौरे पर जिलाध्यक्ष रमीला मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, आहोर प्रत्याशी सरोज चौधरी, उमसिंह चांदराई, जिला प्रवक्ता योगेन्द्रसिंह कुम्पावत, ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, महिला जिलाध्यक्ष संतोष कँवर, गीता श्री, शीला चौधरी, नारायण सिंह, पुखराज मेघवाल, जोगेंद्र सिंह आदि ने आहोर पहुँच कर मुख्यमंत्री को जालोर के विकास कार्यो को रोकने, सांचोर जिला पुनः बनाने, कार्यो का पूरा करने सहित जिले के मुद्दों और समस्याओं के समाधान का ज्ञापन देना चाहा। जिला प्रशासन को एक दिन पहले लिखित सूचना देने के बावजूद मुख्यमंत्री का कांग्रेस के प्रतिनिधी मण्डल से नहीं मिलना हो पाया। कांग्रेस उसकी कडी निंदा करती हैं।

कांग्रेसजनों ने मुख्यमंत्री के नहीं मिलने पर उनके नाम ज्ञापन देकर उनके खिलाफ नारेबाजी की। आहोर में प्रशासन द्वारा 18 कांग्रेसजन को गिरफ्तार किया गया

प्रदर्शन में गजेन्द्रसिंह डोडीयाली, विरेन्द्र जोशी, भोमाराम मेघवाल, सवाईसिह चम्पावत, रमेश सोलंकी, मुमताज अली सैय्यद, सुरेश मेघवाल, छगन आर्य, महेन्द्र सोनगरा, गोविन्द मेघवाल, अनिल पंडित, खुशालसिंह राजपुरोहित, गीताश्री मेघवाल, जोगाराम सरगरा, देवाराम सांखला, उम्मेदसिंह चारण, ईश्वरसिंह बालावत, कमलसिंह निम्बलाना, सुरेश चौधरी, बस्तीमल चौहान, मांगीलाल प्रजापत, प्रेमसिंह मिठडी, युद्धवीरसिंह राठौड सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करना सरकार की तानाशाही दर्शाता है : पुखराज पाराशर

**जालोर**, (कासं)। जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आहोर आगमन पर कांग्रेस के प्रतिनिधी मण्डल को समय नहीं देने, शांतिपूर्वक ढंग से जालोर की समस्याओं पर ज्ञापन देने जा रहे जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधी मण्डल में शामिल नेताओं को गिरफ्तार करना सरकार की तानाशाही दर्शाता हैं जिसकी कडी निंदा करते हैं।

जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पुर्व अध्यक्ष पाराशर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह आज विकास कार्यों की सूची पढी, शायद उनको पता नहीं कि जिस विकास कार्यों का लोकार्पण कर रहे हैं, वो कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने किये थे। चाहे वो केशवणा में कृषि महाविधालय, रानीवाडा व चितलवाना, सांचोर में महाविधालय हो, कांग्रेस की देन हैं।

मुख्यमंत्री ने जिस तरह से भाषण दिया उसमें जो ज्वलंत मुद्दों जैसे जालोर के मेडिकल कॉलेज, जवाई नदी के पुनर्जीवित करने, माही नदी, रोहट से सांचोर तक सडक के राजमार्ग घोषित करने के संबंध में कोई ठोस बात नहीं की, सिवाय आश्वासन के।

## तनुश्री व्यास व राजल राठौड़ ने बढ़ाया मान

**भीनमाल**, (निसं)। जी.के. गोवानी राजकीय महाविद्यालय भीनमाल की एनएसएस कैडेट छात्रा तनुश्री पुत्री शास्त्री मुकेश व्यास का नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह की परेड के लिए चयन हुआ है। वहीं निकटवर्ती गांव पुनासा निवासी बहुमुखी प्रतिभा की धनी राजल राठौड पुत्री बनेसिंह राठौर का चयन 68 वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राजल इस प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों छात्राओं ने परिवार के साथ साथ गांव व नगर का नाम रोशन किया है।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रोफेसर भला राम ने बताया कि तनुश्री व्यास ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से विभिन्न स्तरों पर चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त की है। वे राष्ट्रीय स्तर पर एनएसएस दल का प्रतिनिधित्व करते हुए कर्तव्य पथ पर मार्च पास्ट करेंगी। महाविद्यालय प्राचार्य धर्म पाल ने छात्रा तनुश्री को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन कॉलेज की एनएसएस इकाई की सक्रियता और छात्रों के उत्साह का प्रमाण है। उन्होंने तनुश्री की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि वे राष्ट्रीय मंच पर कॉलेज का नाम रोशन करेंगी।

निकटवर्ती पुनासा गांव निवासी बन्नेसिंह राठौड़ की सुपुत्री राजल राठौड़ का चयन 68 वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राजल इस प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। राजल यह उपलब्धि हासिल करने वाली जालोर जिले की भीनमाल तहसील की प्रथम महिला निशानेबाज बनी हैं। जिससे उन्होंने अपने गांव पूनासा का नाम रोशन किया है।

राजल के माता-पिता दोनों सरकारी अध्यापक हैं तथा वे गांव में लगातार 38 वर्षों तक सरपंच रहे उत्तम सिंह राठौड़ की पौत्री हैं।

राजल ने उदयपुर स्थित प्रिसिजन पीक शूटिंग रेंज में कोच विजय नायक से प्रशिक्षण लेते हुए मात्र छह माह में यह सफलता प्राप्त की। अप्रैल माह में उदयपुर में आयोजित निशानेबाजी समर कैंप के दौरान कोच विजय नायक को राजल में विशेष प्रतिभा नजर आई। जिसके बाद उन्होंने राजल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके पश्चात राजल ने राज्य स्तर, जोनल स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर तक अपने चयन को सुनिश्चित किया। राजल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और परिवारजनों को दिया तथा जालोर क्षेत्र की बालिकाओं को निशानेबाजी खेल से जुड़ने का संदेश दिया।

## जोधपुर में कांग्रेसजनों का कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में आज कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। जोधपुर शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी की तरफ से कलेक्ट्रेट के बाहर करीब एक घंटे धरना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया।

जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा.संजय गौड़ ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा ईडी व अन्य संवैधानिक संस्थानों के दुरुपयोग के विरोध में जोधपुर शहर और देहात कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया।

जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का समय-समय पर दुरुपयोग किया गया है।

ओमकार वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही से उनकी मंशा स्पष्ट रूप से चरित्रार्थ होती है कि भारत के संविधान और लोकतंत्र में उनका किसी भी प्रकार का विश्वास नहीं है और अपनी सत्ता का दुरुपयोग करना भारतीय जनता पार्टी की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है।

विरोध प्रदर्शन में देहात जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष और विधायक गीता बरवड़ ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का इस प्रकार से दुरुपयोग कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमारे नेताओं पर जो दबाव बना रही थी, उनके मंसूबे को पूरी तरीके से न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस प्रकार के हथकंडों का जवाब देने के लिए आम जनता के साथ हमेशा सड़कों पर नजर आएगी। विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक मनीषा पवार, पूर्व विधायक महेंद्र बिश्नोई, पूर्व महापौर कुंती देवड़ा, सूरसागर विधायक प्रत्याशी इंजीनियर शहजाद खान, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश जोशी, कीर्ति भील, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गणपत सिंह चौहान, सेवा दल के जिलाध्यक्ष हेमंत शर्मा, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, एससी प्रकोष्ठ के डॉक्टर धनपत गुजर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष दानिश फौजदार, पंचायती राज संगठन से डॉक्टर शैलजा परिहार, देहात यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पुखराज देवराया, शहर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष योगेश कछवाहा सहित कई जनों ने संबोधित किया।

### राज्य शिक्षक सम्मेलन 19 से

**सांचौर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 19 ओर 20 दिसंबर को बांसवाडा में आयोजित होगा। जिसमें राज्य भर के शिक्षक भाग लेंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष हरिकिशन चौधरी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में 19 दिसम्बर को उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर होंगे। जबकि कार्यकम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा करेंगे। वहीं बेणेश्वर हरि मंदिर के पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज, अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यवाह शंकर लाल माली बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। जिला मंत्री धर्मदान चारण ने बताया कि 20 दिसम्बर को समापन समारोह होगा जिसमें राज्य के मुख्यमत्री भजन लाल शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे। अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा करेंगे।

### शौर्य स्मारक पर श्रद्धांजलि दी

**जालोर**, (कासं)। विजय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब जालोर की ओर से शहर स्थित शौर्य स्मारक पर श्रद्धा एवं राष्ट्र भक्ति के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्मारक पर स्थापित टैंक को फूल-मालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया। रोटरी सदस्यों एवं अतिथियों ने16 दिसम्बर 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

रोटरी क्लब जालोर की अध्यक्ष विनिता ओझा ने 16 दिसम्बर 1971 के ऐतिहासिक युद्ध की जानकारी देते हुए भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान को नमन किया। वरिष्ठ रोटेरियन कानाराम परमार ने भी शहीदों की स्मृति में दो शब्द कहे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ रोटेरियन सपना बजाज, ओम प्रकाश चौधरी, शीला चौधरी, हेमेन्द्र बगेडयि, दीपक सुथार, दिनेश सुन्देशा, संजय सुन्देशा सहित अनेक रोटरी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने कैंडल जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। क्लब सचिव मंजू चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा के नेतृत्व में आज जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने विरोध एवं धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, लोकतंत्र की हत्या एवं विपक्षी दलों की आवाज़ दबाने की साज़िश के विरोध में जिला स्तर पर आज विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा, संगीता बेनीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी सदस्य शोभा सोलंकी, पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष पीराराम पटेल, बाली ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित, सुमेरपुर ब्लॉक अध्यक्ष नेहपाल सिंह पावा, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव नीलम बिरला, अरुण जोशी, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोवर्धन देवासी, भंवर राव, महिला जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, पुर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कोठारी, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी सिंह राजपुरोहित, राजीव गांधी पंचायत राज के जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल, रतन उदेश, सज्जन बी राज, राजेन्द्र सिंह कूम्पावत, संतोख सिंह बाजवा, आनंद सोलंकी, सुभाष मेवाड़ा, प्रकाश सांखला, जिला प्रवक्ता रफीक चौहान, जीवराज चौहान, मांगुसिंह दूदावत, यशपाल सिंह कूम्पावत, मंगलाराम भिण्डर, बाबूलाल दहिया, मण्डल अध्यक्ष अशोक गौड, चेलाराम रारबडा, रघुनाथ सिंह मण्डली, राजेंद्र मेघवाल, राजू बंजारा, प्रकाश सोनी, रमेश चावला, एस सी जिलाध्यक्ष सुनील बैरवा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जावेद सिरोहा, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविंद बंजारा, जयसिंह सुकरलाई, अभाव अभियोग जिलाध्यक्ष अशोक कूलदीप, लाल मोहम्मद सिंधी, दिलीप ओड, मोहनसिंह राजपुरोहित, दिलीपसिंह रावलवास, मोहन सिंह भोमिया, मनोहर सिंह जवाली, इलियास चढवा, सुकिया देवी, गीता प्रजापत, कंचन परमार, कृष्णा सांसी, कालुराम विश्नोई, हितेश सिरोया, माणक गर्ग, रमेश चौधरी, दिनेश पंवार, वजीर खां, हैप्पी मेवाडा, साबीर अशरफी, इंसाफ मोयल, सत्य प्रकाश पटेल, भेराराम गुर्जर, तालिब चुडीगर, ताराचंद चन्दनानी, जगदीश हेमावास, दिनेश दवे, प्रकाश चौहान, श्याम वागोरिया, जुगराज चौहान, धनराज आर्य, विनोद रील, मांगीलाल सोलंकी, रामचन्द्र बुनकर, इकबाल शेख, रज्जाक चढवा, बरकत अली, पंकज अठावाल, असगर कूरैशी, शहाबुद्दीन बागवान, लक्ष्मण कच्छवाह, गौतम कच्छवाह, निर्मल तेजी, चन्द्रकान्त मारू, गुलाब खां सोढा, हसन भाटी, चन्द्रपाल सिंह पुनायता, राजुसिंह सोनाई, अनिल सिंह निंबाडा, रमेश चौधरी, लालसिंह काणदरा, ताराचंद, नजीर सिंधी, सदाराम विश्नोई, मेवाराम ओड, श्रवण सिंह बिठोडा, विक्रमादित्य सिंह राजपुरोहित, एडवोकेट असलम खान, कमरूद्दीन पठान, इरफान पठान, यासीन सबावत, गिरधारी मीणा, छोटमल तिवारी, शंकर लाल, रतन चंदेल, ललित पुनाडिया, पुरण आर्य, भरत बाला, आबिद कूरैशी, तौफीक रंगरेज, अनवर खां सिपाही सहित सैकड़ों कांग्रेसजनो ने कलेक्ट्रेट के सामने नारेबाजी कर विरोध जताया।

## पोकरण में शहरी समस्या समाधान शिविर, पट्टे बांटे

**पोकरण**, (निसं)। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वाकांक्षी योजना शहरी समस्या समाधान शिविर- के अंतर्गत नगरपालिका पोकरण कार्यालय में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 16 दिसंबर से 24 दिसंबर तक आयोजित होंगे, जिनका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है।

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी झब्बरसिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान स्टेट ग्रांट, कच्ची बस्ती, धारा 69-क, कृषि भूमि रूपांतरण, भू-उपयोग परिवर्तन, भू-उपविभाजन/पुनर्गठन, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, सफाई व्यवस्था, रोड लाइट सहित नगरपालिका से जुडी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। बुधवार को वर्षों से अपने मकानों के पट्टों से वंचित रहे 8 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए।

पट्टा वितरण कार्यक्रम नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित एवं अधिशासी अधिकारी झब्बरसिंह चौहान द्वारा संपन्न कराया गया।

इसके अतिरिक्त शिविर में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं खाद्य सुरक्षा योजना से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पालिका से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अधिक से अधिक आवेदन शिविर में प्रस्तुत करें, ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण किया जा सके। शिविर में नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, अधिशासी अधिकारी झब्बरसिंह चौहान, पार्षद भाटीलाल शर्मा, राजेन्द्र सिंह, कैंप प्रभारी दीन मोहम्मद, सहायक कैंप प्रभारी रामस्वरूप गुचिया सहित गणमान्य नागरिक एवं समस्त नगरपालिका स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं दूसरी ओर, विभिन्न विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण समस्या समाधान शिविर में आमजन को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाने की बात भी सामने आ रही है।

## जोधपुर में मुख्यमंत्री का स्वागत किया

**जोधपुर**, (कासं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दोपहर में संक्षिप्त यात्रा पर जोधपुर पहुंचे। उनके जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। वे बाद में जालोर आहोर के लिए हैलीकाप्टर से रवाना हो गए।

जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की शहर विधायक अतुल भंसाली, ज्योति ज्याणी, भोपाल सिंह बडला, प्रतिपाल सिंह, माधवी सोलंकी, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश सहित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने अगवानी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से आहोर के लिए रवाना हुए।

## मुख्य स्वर्गाश्रम में भीमराज भाटी ने लोकार्पण किया

**पाली**, (नि.सं.)। श्री हिन्दू सेवा मंडल द्वारा संचालित मुख्य स्वर्गाश्रम में डॉ एम एस लोढ़ा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विधायक भीमराज भाटी ने भाटी परिवार द्वारा नवीनीकृत वातानुकूलित साल का लोकार्पण करते हुए संस्था द्वारा मासिक गरीब राशन कार्ड योजना के तहत् 191अति जरुरतमंद परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया।

प्रवक्ता देवराज शर्मा ने बताया कि भाटी परिवार के भीमराज भाटी, योगेन्द्र भाटी, पारस भाटी, डॉन, पंकज, श्रवण, दीपक, अमन व समस्त भाटी परिवार द्वारा मोहिनी देवी धर्मपत्नी पूनमचंद भाटी की पुण्य स्मृति में नवीनीकृत वातानुकूलित साल के लोकार्पण के अवसर पर संरक्षक पं शम्भु लाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल गांधी, डॉ एल एन सोनी, उपाध्यक्ष व प्रभारी केवल चंद कवाड़, कोषाध्यक्ष गुरुचरण हेड़ा, छगनलाल सालेचा ने साफा व माल्यार्पण से बहुमान करते हुए संस्था की गतिविधियों व सेवा कार्यों की जानकारी दी।

विधायक भाटी ने राशन वितरण सहित संस्था द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों को आदर्श बताते हुए कहा कि सर्वसमाज के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था अन्यत्र कहीं नहीं है। अतिथि गण जवरीलाल बाफना, तिलोक चन्द गोलेछा व कैलाश चंद्र शर्मा के साथ संस्था के पदाधिकारी श्रीकिशन दायमा, सोहनलाल बिड़ला, डॉ जी एन अरोड़ा, डॉ बंशीलाल शर्मा, कंवर लाल मंडोरा, केशर सिंह राजपुरोहित, रमेश चन्द्र शर्मा, ढलाराम जांगिड़, अशोक गौड़, भीम सिंह मेहता, भूपेन्द्र सिंह खेड़ा, अनिल कुमार गुप्ता, लखपतराज सिंघवी व्यवस्थापक विजय नाथ व जेठूसिंह राजावत ने राशन वितरण में सहयोग करते हुए लोकार्पण समारोह में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।

कार्यक्रम का संचालन देवराज शर्मा व केवल चंद कवाड़ ने किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ एम एस लोढ़ा ने भामाशाह परिवार, अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार जताया।

## वार्षिकोत्सव स्पन्दन आयोजित

**जालोर**, (कासं)। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर के द्वितीय वार्षिकोत्सव स्पन्दन मंगलवार देर शाम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जालोर के लोक लाडले विधायक जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में दानाराम चौधरी विधान सभा प्रभारी जालोर, हरिसिंह देवल उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट सिरोही, भूपेंद्र मकवाना कोषाधिकारी जालोर, मुकेश तेतरवाल डीन (नर्सिंग) मारवाड मेडिकल यूनिवर्सिटी जोधपुर, मनोज तिवारी प्रभारी अधिकारी नर्सिंग अनुभाग राजमेस जयपुर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा, जीएनएमटीसी जालोर की पूर्व प्रधानाचार्या मिनी डी फ्रांसिस, लीला व्यास, एफएम रेडियो 90.8 के संपादक अनिल शर्मा, समाजसेवी नाथू सोलंकी, राव गणपतसिंह बगेडिया, प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने शिरकत की।

विद्यार्थियो के बीच व्यक्तित्व, सम्प्रेषण और सामाजिक जीवन के सकारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित प्रश्नों के जरिये मिस फ्रेशर्स के रूप में एवं मिस्टर फ्रेशर के रूप में पार्थ, मिस्टर कॉलेज दिनेश बिश्नोई, मिस कॉलेज सुमन सुथार चुने गये। निर्णायक की भूमिका में महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव कामिनी शर्मा, रोटरैक्ट क्लब जालोर युवा की अध्यक्षा चेतना श्रीमाली एवं विजय पैराडाइस के मैनेजिंग डायरेक्टर चारुल शर्मा एवं राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पवन ओझा रहे। मंच संचालन फैकल्टी सुरेश गर्ग एवं नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी दक्ष सुंदेशा, ज्योत्सना गोयल, सुमन सुथार, पल्लवी कुमारी एवं गणपत प्रजापत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय सेवा में चयनित जीएनएमटीसी जालोर के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वर्षभर में विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले फैकल्टीज एवं विद्यार्थियों का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जोधपुर के उपप्राचार्य मुरलीधर शर्मा, दिग्विजय सिंह, नर्सिंग अधीक्षक हंजाराम सुंदेशा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रमेश गहलोत, वरिष्ठ कर्मचारी नेता शहजाद खान, गौतम कुमार, जितेंद्र भार्गव, रमजान खान, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के फैकल्टी यशवंत पुंसल, डिम्पल गर्ग, मोहनसिंह गुर्जर, सुरेश गर्ग, राधेश्याम, कमलेश कुमार, भूपेन्द्र कुमार, विजयलक्ष्मी दवे, उर्मिला, दिलीप सहित नर्सिंग फैकल्टी, मीडिया साथी एवं भारी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं विजय पैराडाइज इवेंट मैनेजमेंट टीम का भी आभार व्यक्त किया गया।

### रेहान रजा की टीम प्रथम रही

**जालोर**, (कासं)। पाली जिले के बाली निवासी रेहान रजा की टीम ने स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2025 में टीम डीपसाईट ने प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। टीम का नेतृत्व में बाली निवासी रेहान रजा ने किया। रेहान का ननिहाल जालोर के साहित्यिक परिवार से संबंध रखता है। इनकी माता शाहीन अंजुम सफी खुद एक कवयित्री हैं। वही इनके मामा शराफत राही एवं नाना अकबर खान अश्क जालोरी भी साहित्यकार समाज से आते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2025हार्डवेयर संस्करण का ग्रैंड फिनाले 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक बन्नारी अम्मन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इरोड (तमिलनाडु) में संपन्न हुआ।